**दिनांक : 20.04.2026** **समय : 07.10PM**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**<u>सांध्यकालीन समाचार</u>**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार

ऽ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल करेंगे देश के पहले ग्रीन फील्ड एकीकृत तेल शोधन परिसर का उद्धाटन।

ऽ महिला आरक्षण विधेयक के समर्थन में आज भोपाल में भाजपा ने निकाली जनआक्रोश महिला पदयात्रा।

ऽ देश में एलपीजी की आपूर्ति स्थिर, केन्द्र सरकार प्रभावी प्रबंधन के लिए उठा रही कई महत्वपूर्ण कदम।

और

ऽ प्रदेश के कई जिलां में लू का अलर्ट तो कहीं-कहीं बारिश की संभावना।

अब समाचार विस्तार से...

प्रधानमंत्री - राजस्थान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल राजस्थान के बालोतरा जिले के पचपदरा में देश के पहले ग्रीनफील्ड एकीकृत तेल शोधन-सह-पेट्रोकेमिकल परिसर का उद्धाटन करेंगे। इस परियोजना से देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने, पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने और औद्योगिक विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। यह तेल शोधन परिसर रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर सृजित करने और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी इस अवसर पर एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

‘जन आक्रोश महिला पदयात्रा’

राजधानी भोपाल में आज महिला आरक्षण विधेयक के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी की ‘जन आक्रोश महिला पदयात्रा’ निकाली गई। इस पदयात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश सरकार की महिला मंत्री, महिला सांसद और बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता शामिल हुईं। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों से जुड़े मुद्दे पर समाज बेहद संवेदनशील है। उन्होंने महिला आरक्षण जैसे मुद्दे पर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर निंदा प्रस्ताव लाने की भी बात कही।

वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों को लेकर समाज में जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। बीजेपी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी परांजपे ने कहा कि यह पदयात्रा केवल विरोध नहीं, बल्कि जागरूकता और अधिकारों के प्रति आवाज उठाने का माध्यम है।

राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि भारतीय वन सेवा, महज प्रशासनिक दायित्व नहीं बल्कि मानवता, प्रकृति, वन्य जीव, सांस्कृतिक धरोहर और भावी पीढ़ियों के प्रति भी एक उत्तरदायित्व है। आज लोकभवन में आयोजित भारतीय वन सेवा के 2024-26 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के सौजन्य भेंट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रशिक्षु अधिकारी, वन कानूनों और जनजातीय कल्याण के प्रावधानों का गहनता से अध्ययन करें, उन्हें समझे और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप लागू करें।

रेलवे - ग्रीष्मकालीन विशेष रेल

रेलवे तीन महीने में देशभर में 18 हजार 262 ग्रीष्मकालीन विशेष फेरे संचालित करेगा। इससे यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। रेल मंत्रालय ने बताया है कि इस वर्ष 15 अप्रैल से 15 जुलाई तक की अवधि के लिए कुल 9 सौ आठ ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाडियों को मंजूरी दी गई है।

गेहूं खरीदी

प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से अभी तक 63 लाख 27 हजार 410 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि किसानों द्वारा 2 करोड़ 25 लाख 96 हजार 450 क्विंटल गेहूँ के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किये जा चुके हैं। गेहूँ की खरीदी के लिये 3 हजार 171 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं।

पश्चिम एशिया ब्रीफिंग

केन्द्र सरकार ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न व्यवधानों के बावजूद पूरे देश में घरेलू एलपीजी आपूर्ति स्थिर है और वितरकों में किसी भी तरह की कमी की सूचना नहीं मिली है। नई दिल्ली में आयोजित एक अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार प्रभावी प्रबंधन के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है।

एलपीजी कालाबाजारी

प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिये निरंतर कार्रवाई की जा रही है, अभी तक 4 हजार 547 एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये गए तथा 12 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश के सभी जिला अधिकारियों को सतत् रूप से पेट्रोल पंपों की जांच करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध है।

अक्षय तृतीया

प्रदेश में आज अक्षय तृतीया पर्व और भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर नर्मदापुरम और आगरमालवा और मंडला सहित सभी जिलों में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त के चलते बड़ी संख्या में विवाह समारोह भी संपन्न हो रहे हैं। वहीं, परशुराम जयंती के अवसर पर ब्राह्मण समाज द्वारा पूजन-पाठ के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

मौसम

प्रदेश में गर्मी ने अब असर दिखाना शुरू कर दिया हैं। छतरपुर जिले के नौगांव में पारा 44.3 डिग्री तक पहुंच गया, जो प्रदेश में सबसे ज्यादा रहा। मौसम विभाग के अनुसार अभी प्रदेश में गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। विभाग ने कई जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है। वहीं प्रदेश के कई जिलों में आंधी के साथ बारिश होने और गरज चमक के साथ बौछारे पड़ने की संभावना जताई है। इनमें भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर, रीवा, जबलपुर, सागर संभाग के जिले शामिल हैं।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

ऽ शाजापुर और धार जिलों में अत्यधिक गर्मी को देखते हुए विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया गया है।

ऽ आलीराजपुर जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सेजावाडा में 23 अप्रैल को एक दिवसीय युवा संगम मेले का आयोजन होगा।

ऽ "नारी शक्ति वंदन" अभियान अंतर्गत वन स्टॉप सखी सेंटर देवास द्वारा देवास में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ऽ झाबुआ कलेक्टर ने सभी स्वयंसेवी संस्थाओं से "जल गंगा संवर्धन अभियान" में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए इसे जन आंदोलन का रूप देने का आह्वान किया है।

ऽ शिवपुरी जिले में अक्षय तृतीया पर प्रशासन की टीम ने तत्परता दिखाते हुए 2 बाल विवाह मौके पर जाकर रुकवाए।

ऽ मध्यप्रदेश राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा सीहोर जिले के 07 परीक्षा केंद्रों पर आगामी 26 अप्रैल को दो सत्रों में आयोजित की जाएगी।

ऽ जबलपुर के पड़रिया आवास ग्राम पंचायत में पोषण पखवाड़े के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ऽ खंडवा- आदि गुरु शंकराचार्य के प्रकटोत्सव के अवसर पर ओंकारेश्वर में आयोजित पंच दिवसीय "एकात्म पर्व" का समापन कल मंगलवार को होगा।

- इंदौर जिले में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने का अभियान लगातार जारी है।
- उमरिया जिले में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा अंतर्गत समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

................

दिनांक : 20.04.2026 समय : 07.10पीएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

सांध्यकालीन समाचार

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल करेंगे देश के पहले ग्रीन फील्ड एकीकृत तेल शोधन परिसर का उद्घाटन।
- महिला आरक्षण विधेयक के समर्थन में आज भोपाल में भाजपा ने निकाली जनआक्रोश महिला पदयात्रा।
- देश में एलपीजी की आपूर्ति स्थिर, केन्द्र सरकार प्रभावी प्रबंधन के लिए उठा रही कई महत्वपूर्ण कदम।

**और**

- प्रदेश के कई जिलों में लू का अलर्ट तो कहीं–कहीं बारिश की संभावना।

**अब समाचार विस्तार से...**

**<u>प्रधानमंत्री – राजस्थान</u>**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल राजस्थान के बालोतरा जिले के पचपदरा में देश के पहले ग्रीनफील्ड एकीकृत तेल शोधन–सह–पेट्रोकेमिकल परिसर का उद्घाटन करेंगे। इस परियोजना से देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने, पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने और औद्योगिक विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। यह तेल शोधन परिसर रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर सृजित करने और क्षेत्र के सामाजिक–आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी इस अवसर पर एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

**<u>'जन आक्रोश महिला पदयात्रा'</u>**

राजधानी भोपाल में आज महिला आरक्षण विधेयक के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी की 'जन आक्रोश महिला पदयात्रा' निकाली गई। इस पदयात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश सरकार की महिला मंत्री, महिला सांसद और बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता शामिल हुईं। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों से जुड़े मुद्दे पर समाज बेहद संवेदनशील है। उन्होंने महिला आरक्षण जैसे मुद्दे पर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर निंदा प्रस्ताव लाने की भी बात कही।

**बाइट–मुख्यमंत्री**

वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों को लेकर समाज में जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। बीजेपी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी परांजपे ने कहा कि यह पदयात्रा केवल विरोध नहीं, बल्कि जागरूकता और अधिकारों के प्रति आवाज उठाने का माध्यम है।

**राज्यपाल**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि भारतीय वन सेवा, महज प्रशासनिक दायित्व नहीं बल्कि मानवता, प्रकृति, वन्य जीव, सांस्कृतिक धरोहर और भावी पीढ़ियों के प्रति भी एक उत्तरदायित्व है। आज लोकभवन में आयोजित भारतीय वन सेवा के 2024–26 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के सौजन्य भेंट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रशिक्षु अधिकारी, वन कानूनों और जनजातीय कल्याण के प्रावधानों का गहनता से अध्ययन करें, उन्हें समझे और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप लागू करें।

**रेलवे – ग्रीष्मकालीन विशेष रेल**

रेलवे तीन महीने में देशभर में 18 हजार 262 ग्रीष्मकालीन विशेष फेरे संचालित करेगा। इससे यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। रेल मंत्रालय ने बताया है कि इस वर्ष 15 अप्रैल से 15 जुलाई तक की अवधि के लिए कुल 9 सौ आठ ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाडियों को मंजूरी दी गई है।

**गेहूं खरीदी**

प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से अभी तक 63 लाख 27 हजार 410 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि किसानों द्वारा 2 करोड़ 25 लाख 96 हजार 450 क्विंटल गेहूँ के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किये जा चुके हैं। गेहूँ की खरीदी के लिये 3 हजार 171 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं।

**पश्चिम एशिया ब्रीफिंग**

केन्द्र सरकार ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न व्यवधानों के बावजूद पूरे देश में घरेलू एलपीजी आपूर्ति स्थिर है और वितरकों में किसी भी तरह की कमी की सूचना नहीं मिली है। नई दिल्ली में आयोजित एक अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार प्रभावी प्रबंधन के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है।

**बाइट – सचिव, सुजाता शर्मा**

**एलपीजी कालाबाजारी**

प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिये निरंतर कार्रवाई की जा रही है, अभी तक 4 हजार 547 एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये गए तथा 12 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश के सभी जिला अधिकारियों को सतत् रूप से पेट्रोल पंपों की जांच करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध है।

**अक्षय तृतीया**

प्रदेश में आज अक्षय तृतीया पर्व और भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर नर्मदापुरम और आगरमालवा और मंडला सहित सभी जिलों में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त के चलते बड़ी संख्या में विवाह समारोह भी संपन्न हो रहे हैं। वहीं, परशुराम जयंती के अवसर पर ब्राह्मण समाज द्वारा पूजन–पाठ के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

**मौसम**

प्रदेश में गर्मी ने अब असर दिखाना शुरू कर दिया हैं। छतरपुर जिले के नौगांव में पारा 44.3 डिग्री तक पहुंच गया, जो प्रदेश में सबसे ज्यादा रहा। मौसम विभाग के अनुसार अभी प्रदेश में गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। विभाग ने कई जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है। वहीं प्रदेश के कई जिलों में आंधी के साथ बारिश होने और गरज चमक के साथ बौछारे पड़ने की संभावना जताई है। इनमें भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर, रीवा, जबलपुर, सागर संभाग के जिले शामिल हैं।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में :–**

- शाजापुर और धार जिलों में अत्यधिक गर्मी को देखते हुए विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया गया है।
- आलीराजपुर जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सेजावाडा में 23 अप्रैल को एक दिवसीय युवा संगम मेले का आयोजन होगा।
- "नारी शक्ति वंदन" अभियान अंतर्गत वन स्टॉप सखी सेंटर देवास द्वारा देवास में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- झाबुआ कलेक्टर ने सभी स्वयंसेवी संस्थाओं से "जल गंगा संवर्धन अभियान" में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए इसे जन आंदोलन का रूप देने का आह्वान किया है।
- शिवपुरी जिले में अक्षय तृतीया पर प्रशासन की टीम ने तत्परता दिखाते हुए 2 बाल विवाह मौके पर जाकर रुकवाए।

- मध्यप्रदेश राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा सीहोर जिले के 07 परीक्षा केंद्रों पर आगामी 26 अप्रैल को दो सत्रों में आयोजित की जाएगी।
- जबलपुर के पड़रिया आवास ग्राम पंचायत में पोषण पखवाड़े के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- खंडवा– आदि गुरु शंकराचार्य के प्रकटोत्सव के अवसर पर ओंकारेश्वर में आयोजित पंच दिवसीय "एकात्म पर्व" का समापन कल मंगलवार को होगा।
- इंदौर जिले में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने का अभियान लगातार जारी है।
- उमरिया जिले में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा अंतर्गत समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

.................